तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

10 संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर....



10 किसानों से सीधा संवाद कर रहे कृषि विशेषज्ञ



## खबर संक्षेप

### आज ढ़ाई घंटे बंद रहेगा सीआरएसयू सब स्टेशन
**जींद।** सीआरएसयू का 33केवी सब स्टेशन रविवार को मासिक मुरम्मत के चलते सुबह सात से साढ़े 9 बजे तक बंद रहेगा। फीडर इंचार्ज दीपक कुमार के अनुसार मुरम्मत के चलते सब स्टेशन से जुड़े 11केवी सीआरएसयू हॉट लाइन, रघु नगर अर्बन, इम्पलॉयज कालोनी अर्बन, शादीपुरा आरडीएस, स्वीचिंग स्टेशन की सप्लाई अढ़ाई घंटे बाधित रहेगी।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत
**कैथल।** बलबेहड़ा में कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई। गांव भूसला के समैल खान ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 को जब सतीश कुमार हांसी बुटाना नहर के पास गांव बलबहेड़ा में खड़ा था तो इसी दौरान एक अज्ञात कार चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते सतीश कुमार की बाइक को टक्कर मार दी।

### ऑपरेशन शील्ड के तहत ब्लैकआउट-मॉक ड्रिल आज
**जींद।** गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार नागरिक जागरूकता को लेकर जिला में 31 मई को सायं पांच बजे ऑपरेशन शील्ड के तहत ब्लैकआउट और आपात मॉक ड्रिल रिहर्सल जाएगी। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला वासियों से आह्वान करते कहा है कि वे रिहर्सल के दौरान सरकार द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना करें।

### कार की चपेट में आने से दो व्यक्ति घायल
**कैथल।** गांव फर्श माजरा के निकट कार की चपेट में आने से दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव पर फर्शमाजरा के जसमेर ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मई को शाम के करीब 6:30 बजे जब वह सोनू के साथ गांव दाबनखेड़ी से जा रहा था तो अज्ञात कार चालक ने गाड़ी को तेज गति लापरवाही से चलते उन्हें चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### नशीली गोली दे नकदी जेवर संग महिला गायब
**जींद।** गांव पालवां में बीती रात महिला ससुरालीजनों को खाने में नशीला पदार्थ देकर 70 हजार रुपये की नगदी तथा सोने के जेवरात लेकर गायब हो गई। उचाना थाना पुलिस ने गायब महिला के पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पालवां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात खाना खाकर परिवार समेत सो गया था।

### आभूषण-नकदी चोरी का आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** संपत्ती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी डेरा संधु फार्म पेहवा निवासी कुलदीप उर्फ काकू को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भागल निवासी निवासी लाल सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### चोरी की नियत से घुसे युवक को पुलिस को सौंपा
**जींद।** कृष्णा कालोनी सफीदों में चोरी की नियत से घुसे युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। कृष्णा कालोनी निवासी लीला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश बाहर गई थी।

### मारपीट कर व्यक्ति की हत्या का आरोपी दबोचा
**कैथल।** गांव बिच्छिया में मारपीट करके व्यक्ति की हत्या करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बिच्छिया निवासी नीलम की शिकायत अनुसार वे खेतों में मकान बनाकर रह रहे हैं। पड़ोस में सुरेश व सुखदेव के मकान हैं।

## खेत के रास्ते, श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण, रास्ते-गलियां पक्की

# डिप्टी स्पीकर ने किया अमरहेड़ी में पचास लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन

### नायब सरकार गांवों का विकास भी शहरी तर्ज पर करवा रही : डॉ.मिड्ढा

विकास परियोजनाओं के लिए नायब सरकार द्वारा पैसे की कमी आड़े नही आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शुक्रवार को गांव अमरहेड़ी में 50 लाख रुपये से करवाए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों में गांव के खेत के रास्ते, शमशान घाट के रास्ता, कच्ची गलियों को पक्का करवाया जाना शामिल था। सभी कार्य पूरे होने पर डिप्टी स्पीकर ने गांव अमरहेड़ी की महिला सरपंच अंजू रानी द्वारा उद्घाटन किया। इस मौके पर गांव में जनसभा का भी आयोजन किया गया। अमरहेड़ी के ग्रामीणों ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मिल कर गांव में कच्चे रास्तों को पक्का करवाने, खेत के रास्ते, कच्ची गलियों को पक्का करवाने सहित अन्य कार्यों की डिमांड रखी थी। जिस पर डिप्टी स्पीकर द्वारा तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया गया था। इन विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की मार्फत अस्टीमेट तैयार करवाया गया। जिस पर लगभग 50 लाख रुपये का खर्च था। कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को पूरी करवा जल्द से जल्द इन कार्यों को तय समयावधि में पूरा करवा शुक्रवार को उद्घाटन किया गया।

सरकार गांवों का विकास भी शहरी तर्ज पर करवा रही : डा. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार गांवों का विकास भी शहरी तर्ज पर करवा रही है ताकि ग्रामीणों किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इन विकास कार्यों को लेकर सरकार किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, काम में देरी को बिल्कुल भी सहन नही कर रही हैं। गांव के विकास को प्राथमिकता देते हुए जो-जो योजनाएं हैं उनको जल्द से जल्द लागू करने का काम किया जा रहा है। अगर किसी भी अधिकारी, कर्मचारी की अगर गांव के विकास में देरी को लेकर शिकायत आती है तो वो सहन नही होगी। डिप्टी स्पीकर ने स्पष्ट किया कि गांवों में विकास को लेकर जो-जो अस्टीमेट बने हैं, उनको अधिकारी जल्द से जल्द तैयार करें। जो काम होने हैं, उस पर तेजी होनी चाहिए। विकास परियोजनाओं के लिए नायब सरकार द्वारा पैसे की कमी आड़े नही आने दी जाएगी।



जींद। विकास कार्यों का उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

**ये हुए विकास कार्य**

1. 17.50 लाख की लागत से बाईपास से लेकर भाटी के खेत तक पक्के रास्ते का निर्माण।, बाईपास से लेकर महासिंह के के खेत तक पक्का रास्ता पांच लाख।, जयभगवान के खेत से सुरेंद्र के खेत तक पांच लाख का पक्का रास्ता।,बलराम के खेत से रामफूल के खेत तक पांच लाख से पक्का रास्ता।, कमल के घर से अशोक के घर तक पक्का रास्ता पांच लाख।, दो शमशान घाटों के सौंदर्यकरण व शेड निर्माण पर 8.66 लाख।,चौपाल रिपेयर व सौंदर्यकरण पर आठ लाख व चबूतरा निर्माण पर पांच लाख रुपये की राशि खर्च की गई है।

# सड़कों के नवीनीकरण को मिली रफ्तार 66 करोड़ की परियोजना का शुभारंभ

■ विधायक जांबा ने नारियल फोड़कर कार्यों का विधिवत आगाज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधायक सतपाल जांबा ने मंडी बोर्ड की 4 प्रमुख सडकों के नवीनीकरण और चौड़ीकरण कार्य का गांव बाकल में नारियल फोडकर शुभारंभ किया। इस परियोजना को 66 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है, जिससे क्षेत्र की सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक जांबा ने जेसीबी मशीन पर नारियल फोड़कर कार्य का विधिवत आगाज किया। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदारों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि कार्य में कोई खामी पाई गई, तो संबंधित सडक का पुनर्निर्माण करवाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तय है। ये चार सडकें होंगी अपग्रेड, डीग से बाकल तक लागत 65 लाख, बाकल से करोड़ा, फतेहपुर से नैना, राजौंद रोड से पिलनी रोड (पाई गांव)। विधायक जांबा ने बताया कि इन सडकों के नवीनीकरण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और कृषि उपज, व्यापारिक माल और रोजमर्रा की आवाजाही सुगम होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार पूंडरी क्षेत्र को अधोसंरचना के मामले में अग्रणी बनाने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन सडकों पर फिलहाल कार्य शुरू नहीं हुआ है, उन पर भी शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। यह पूरी परियोजना क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में पाई अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढूल, मंडी बोर्ड एस.डी.ओ. शमशेर सिंह, सरपंच सोहनलाल वर्मा, बाकल के सरपंच नरेंद्र कुमार, पंचायती प्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा वर्ग और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए विधायक का आभार जताया और कहा कि वर्षों पुरानी मांग आज साकार हुई है।



पूंडरी। गांव पाई पहुंचने पर विधायक का स्वागत करते अनाज मंडी प्रधान सत्यवान ढूल।

# ग्रांट गांव के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी

■ गांव फतेहपुर के लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपये की ग्रांट स्वीकृत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से ब्लॉक समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। गांव को 1 करोड़ 20 लाख रुपये की ग्रांट स्वीकृत की गई है, जिससे विभिन्न अधूरे विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा और ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को सशक्त किया जा सकेगा। इस वित्तीय सहायता की घोषणा के पश्चात गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला। गांव के सरपंच श्री सोहनलाल वर्मा तथा प्रतिनिधि सौरव वर्मा ने इस पर ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजेश बरसाना का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ग्रांट गांव के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सरपंच सोहनलाल वर्मा ने बताया कि इस ग्रांट का उपयोग गांव में सडक निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास, स्ट्रीट लाइट्स, और अन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में किया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्रतिनिधि सौरव वर्मा ने कहा कि यह ग्रांट केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि एक विश्वास का प्रतीक है जो ग्रामीणों की उम्मीदों को साकार करने में मदद करेगी। उन्होंने ब्लॉक समिति और प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांव की जनता के सहयोग से सभी योजनाएं समय पर पूरी की जाएंगी।

# कलायतः पानी के 33 अवैध कनेक्शन काटे

■ जल संरक्षण के लिए बड़ी पहल, अवैध कनेक्शनों पर चला विभाग का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग, कलायत द्वारा पेयजल के दुरुपयोग के विरुद्ध सख्त कदम उठाते कलायत शहर की कुलवंत नगर गाँव में सब्जी की खेती में पीने के पानी के अवैध उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की । जिला सलाहकार दीपक कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर 29 अवैध कनेक्शन काटे गए। वहीं शहर में 4 सर्विस स्टेशन के अवैध कनेक्शन काटे गए, जो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दी जा रही नहरी पानी जलापूर्ति से गाड़ियां धोने का काम करते थे। दीपक ने जानकारी दी कि जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी मंडल नंबर 2 कैथल के कार्यकारी अभियंता विकास बालियान के निर्देशानुसार ये कार्यवाही की गई। स्पष्ट किया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। विभाग द्वारा घरेलू उपयोग हेतु प्रदत्त जल का उपयोग खेती या अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए नहीं किया जा सकता। कलायत शहर में कुल 3669 घरेलू जल कनेक्शन हैं, जिनमें से कई का दुरुपयोग खेतों में सिंचाई हेतु किया जा रहा था। विभाग द्वारा लोगों को जल संरक्षण का संदेश देते समझाया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल आवश्यक है। विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को जल नीति व पेयजल के उद्देश्य की जानकारी दे रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे जल का दुरुपयोग न करें और जल संरक्षण को व्यवहार में लाएं। हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यदि कोई उपभोक्ता अवैध रूप से पीने के पानी का दुरुपयोग करता पाया जाता है, तो उसका कनेक्शन काटा जा सकता है।



कनेक्शन कटवाते जिला सलाहकार दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया।

# वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर पांच लाख हड़पे

■ पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हडपने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः गांव अलूपुर पानीपत हाल गांव मालसरी खेड़ा निवासी शिवम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आदमपुर (हिसार) निवासी प्रवीण के साथ उसकी अच्छी जान पहचान रही है। आरोपित विदेश भेजने का काम करता है। वर्ष 2022 में प्रवीण ने उसे करोशिया भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में उसने दस लाख रुपये की डिमांड की। जिसमें आरोपित ने पांच लाख रुपये पहले देने को कहा। जबकि बकाया पांच लाख रुपये विदेश जाने के बाद देने को कहा। जिसके बाद उसने गूगल-पे के माध्यम से प्रवीण, उसके जानकार सुनील तथा विकास के खातों में डाल दिए। बावजूद इसके उसका लंबे समय तक वर्क वीजा नही लगा। जब उसने रुपये वापस देने के लिए दबाव बनाया तो आरोपितों ने रुपये देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

# 11 की बजाय नौ मीटर ऊंचाई के बिजली के खंभे लगाने से खफा किसानों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गांव कैलरम के किसानों ने खेतों में निगम द्वारा बिजली कनेक्शन के लिए 11 मीटर की राशि जमा करवाकर 9 मीटर ऊंचाई के बिजली पोल लगाने पर नाराजगी जाहिर की है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने शुक्रवार को कलायत में बिजली निगम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, सोनू, सुनील, राम मेहर, होशियार सिंह, भाना राम और दूसरे किसानों ने बताया कि खेतों में 11 मीटर ऊंचे पोल लगाने की मांग की थी। इसके लिए निर्धारित शुल्क भी जमा कराया करवाया जा चुका है। निगम की तरफ से अब 9 मीटर के पोल दिए जा रहे हैं। यह पूरी तरह गलत है। उनका कहना है कि 11 मीटर के पोल के नीचे से ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनें आसानी से निकल जाती हैं। इसके चलते सुरक्षा बनी रहती है। जबकि 9 मीटर के पोल से तारें नीचे लटकती हैं। इससे हादसे होते हैं। किसानों ने मांग की कि उनके खेतों में 11 मीटर के पोल ही लगाए जाएं। कलायत उप मंडल बिजली निगम के एसडीओ अंकित रंगा ने बताया कि जरूरत अनुसार 11 मीटर के पोल लगाए जाएंगे। बाकी जगह 9 मीटर के पोलों की व्यवस्था रहेगी।



कलायत। बिजली निगम कार्यालय में पोलों की समस्या की जानकारी देते कैलरम गांव के किसान।

# कार की टक्कर से बाइक सवार ओवरब्रिज से नीचे गिरा, मौत

■ पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था अठाइस वर्षीय विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक रोड तथा भिवानी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज पर तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। शहर थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूपेंद्र नगर भिवानी रोड निवासी विकास (28) बीती रात बाइक पर सवार होकर रोहतक रोड की तरफ से अपने घर जा रहा था। जब वह रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें विकास ओवरब्रिज से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने विकास को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की मां शारदा ने पुलिस को बताया कि विकास पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। विकास जैजैवंती में मजदूरी करने गया था। रात को वापसी के दौरान हादसा हो गया।

## हर दिन आ रहे सर्दी, खांसी, जुखाम व बुखार के मरीज

# कोरोनाः जांच किट न मिलने से अटकी टैस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश में कोरोना संक्रमित केस लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अब तक जांच किट (वीटीएम) तक ही नही पहुंच पाई है। जांच किट न मिलने के कारण अभी तक कोरोना की जांच शुरू नहीं हो पाई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक द्वारा लगातार सतर्कता बरतने के आदेश जारी कर संदिग्ध बुखार के मरीजों की जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि सोमवार तक जांच किट मिल जाएगी और सैंपलिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल संदिग्ध बुखार के मरीजों की जांच कर उन्हें जरूरी दवाएं दी जा रही हैं और कोरोना जांच के लिए जांच किट का इंतजार है। कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट के सबवैरिएंट जेएन-1 को लेकर नागरिक अस्पताल जींद तथा उचाना में दस-दस बैड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। चिकित्सा अधिकारी (फिजिशियन) डा. गौरव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जींद अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने फ्लू कॉर्नर तैयार कर दिया है। बाकायदा यहां अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटियां तक लगा दी गई हैं। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में ही मरीजों के लिए वेंटिलेटर और दस बैड के स्पेशल आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अस्पताल में टेस्टिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। यह टेस्ट उन्ही लोगों के किए जाएंगे, जिनमें कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं। अगर कोई व्यक्ति सीधे तौर पर टेस्ट करवाने के लिए आता है तो उसको लेकर जो भी गाइडलाइन मुख्यालय से मिलेगी, उसके आधार पर जांच की जाएगी। इसे पहले उसे चिकित्सक को दिखाना होगा और अनुमति के बाद ही उसका टेस्ट किया जाएगा। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन जुखाम व बुखार के मरीज आ रहे हैं। ओपीडी में आ रहे जुकाम व बुखार के मरीजों की जांच कर चिकित्सक जरूरी दवाएं दे रहे हैं। अगर टैस्टिंग शुरू होती है तो कोरोना संक्रमित मरीजों को पहचानना आसान होगा।

**फ्लू कॉर्नर बनाया : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिला नागरिक अस्पताल में फ्लू कॉर्नर बना दिया गया है। किट मिलते ही यहां पर कोरोना संदिग्ध मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी। आमजन को चाहिए कि फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क व इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर पौष्टिक खाना खाएं।

# यूरोप भेजने का झांसा देकर हड़पे सात लाख, तीन नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवक को यूरोप भेजने का झांसा देकर सात लाख चार हजार 500 रुपये हडपने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौपड़ा पत्ती निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे अमन तथा भांजे मनोज की गांव हसनगढ़ हिसार निवासी मनजीत से पुरानी जान पहचान रही है। अमन ने मनोज से विदेश के बारे में वीजा लगवाने के बारे में पूछा। मनजीत ने गांव के ही अजीत तथा अमित से मिलवाया। दोनों ने वर्क वीजा पर यूरोप भेजने की बात कही। सात लाख चार हजार 500 रुपये में वर्क वीजा पर भेजना तय हो गया। जिस पर आरोपितों को छह लाख रुपये मजीज के घर पर नगद दे दिए। जबकि एक लाख चार हजार 500 रुपये गुगल-पे के माध्यम से आरोपितों के खाते में डाल दिए। आरोपितों ने अमन का यूरोप भेजने की बजाय दुबई घूमने भेज दिया। वीजा समाप्त होने पर अमन को दुबई में बंधक बना लिया गया। अपने खर्च पर अमन को दुबई से निकाल कर घर लाया गया। जब रुपये वापस मांगे गए तो लौटाने से मना कर दिया।

## खबर संक्षेप

### पैसे के लेनदेन मे महिला को पीटा, मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिवानामाल में रुपयों के लेने-देन के विवाद में महिला के घायल होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिवानामाल निवासी संतोष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही सुभाष की तरफ 60 हजार रुपये की लेनदारी है। जिसको लेकर पंचायत भी हुई थी। बाद में सुभाष ने रुपये देने से मना कर दिया।

### तीन लोगों को घायल करने पर 22 नामजद

**जींद।** गांव फूलिया कलां में रंजिशन हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव फूलिया कलां निवासी सूबे सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही दयानंद परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसका बेटा रमन बाइक पर सवार होकर काम पर जा रहा था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भिवानी रोड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 मई को उसकी 15 बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन दो जून तक

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व नशा मुक्ति केंद्रों को 2025-26 हेतु राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाने है। इसके लिए आवेदनकर्ता आवेदन विभागीय अवार्ड पोर्टल पर वाईजीओवी.इन पर दो जून तक कर सकते हैं।

### तमन्ना बनी एमएनएस में लेफ्टिनेंट

**जींद।** उचाना खुर्द की बेटी तमन्ना पुत्री जगदेव सिंह अपने अथक परिश्रम और संकल्प से मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्होंने अपनी पासिंग आउट परेड को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। अब वह भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए पूर्णतःतैयार हैं। तमन्ना साधारण किसान परिवार से है। शुक्रवार को दादन खाप के मीडिया प्रभारी शिवदेव ने बताया कि तमन्ना की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है।

### सेवानिवृत्ति पर डीईओ को किया सम्मानित

**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी 31 वर्षों की सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत हो गई। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जींद ने संघ के प्रधान सत्यपाल पातलान के नेतृत्व में एक मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत मुख्याध्यापक दलबीर आल्याहन ने बताया कि उनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है।

### बात करने के लिए मांगा फोन, चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गाव किनाना के निकट पहले मजदूर से बात करने के लिए मोबाइल फोन लिया। फिर चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने मजदूर की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव किनाना ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर मुनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर से ईंट भट्ठे की तरफ जा रहा था।

### नकदी-जेवरात के साथ युवती गायब, केस दर्ज

**जींद।** ससुराल से मायके आई युवती के नकदी तथा जेवरात के साथ घर से गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बहादुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की शादी लगभग माह पहले हुई थी। वह हाल ही में ससुराल से लौटी थी।

## अर्जुन देव जी का शहीदी गुरुपर्व श्रद्धा से मनाया

# संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर गुरु की शहादत को किया नमन

### गुरु अर्जुन देव ने मानवता की खातिर अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया : बलविंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहीदों के सरताज बाणी के जहाज एवं शांति के पुंज पांचवीं पातशाही गुरु अर्जुन देव का शहीदी गुरुपर्व शुक्रवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। शहर के सभी गुरुद्वारों में सुखमनी सेवा सोसायटी के सहयोग से शहीदी गुरुपर्व के सम्मान में चल रही श्री सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी के तहत श्री सुखमनी साहिब की बाणी का पाठ किया गया। शब्द कीर्तन गायन किया गया साथ ही संगतों के लिए मीठे शरबत की छबील लगाई गई तथा लंगर का आयोजन किया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि पांचवीं पातशाही गुरु अर्जुन देव शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष में स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया एवं पांतड़ा पंजाब से आए भाई गुरमुख सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरु अर्जुन देव द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में रचित बाणी के गुरबाणी शब्द कीर्तन का गायन किया। गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी गुरविंदर सिंह रत्तक ने गुरु साहिब की शहादत को नमन करते हुए कहा कि गुरु अर्जुन देव को शहीदी का सरताज इसलिए कहा जाता है कि सिख धर्म में किसी गुरु द्वारा धर्म व समाज की भलाई के लिए अपने आप को कुर्बान करने वाले गुरु अर्जुन देव पहले गुरु थे। गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने गुरू अर्जुन देव को जुल्म का नाश करने तथा धर्म का प्रकाश करने वाले बताते हुए कहा कि उनके द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पहली बीड़ अपने हाथों से तैयार करके दरबार साहिब अमृतसर में तय स्थान पर सुशोभित करके भाई बुड्ढा जी को गुरु घर का पहला ग्रंथी थाप कर उनके द्वारा शुरू गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व आरंभ किया गया। बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब में गुरू अर्जुन देव द्वारा रचित श्री सुखमनी साहिब की बाणी सहित 2200 के करीब गुरबाणी के शब्द दर्ज हैं। गुरु अर्जुन देव को कुर्बानी का प्रतीक इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने सिख धर्म की रक्षा के लिए तत्ती (गरम) तवी पर बैठ कर खुद को कुर्बान कर दिया था। जबकि इससे पहले उन्हें गर्म पानी में उबाला गया तथा गर्म तवी पर बैठा कर ऊपर से गर्म रेत डाली गई थी। उधर, शहर के रेलवे जंक्शन स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा में भाई जसवंत सिंह, गुरुद्वारा बंदा सिंह बहादुर पटियाला चौक में भाई गुरजीत सिंह द्वारा तथा गुरुद्वारा सिंह सभा भारत सिनेमा रोड में भाई गुरदित्त सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरबाणी कीर्तन गायन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा शहर में जगह-जगह रेलवे रोड, पटियाला चौक, पुराना बिजली घर, झांझ गेट, पंजाबी बाजार, मेन बाजार, सिटी थाना, सफीदों गेट तथा अर्बन एस्टेट में मीठे शरबत की छबीलें लगाई गई।


जींद। भाई गुरमुख सिंह का रागी जत्था गुरुबाणी गायन करते हुए।


जींद। गुरबाणी सुनते हुए संगत। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, बीबी परमिंदर कौर, जोगिंदर सिंह पाहवा, जसकरण सिंह, टहल सिंह, दलबीर सिंह सेठी आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय स्टाफ ने 31 टीबी मरीजों को गोद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- 1250 टीबी के मरीजों को संस्थाओं ने गोद लिया : डा. जेके मान

राजकीय महाविद्यालय ने प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन अभियान में योगदान देते हुए 31 टीबी मरीजों को गोद लिया है और उनको पौष्टिक आहार की किट सहायता के रूप में प्रदान की। यह सहायता उनको मानसिक व आर्थिक मदद प्रदान करेगी। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से अपना योगदान देता रहा है। रोगियों को अपनी बीमारी से घबराना नही चाहिए बल्कि उचित देखभाल और निगरानी में अपना इलाज पूरा करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मदद में आइक्यूएसी, शारीरिक शिक्षा, इकोनॉमिक्स, संस्कृत, इंग्लिश, कॉमर्स, मास कम्युनिकेशन, लोक प्रशासन, केमिस्ट्री, कंप्यूटर, सोशियोलॉजी, जूलॉजी, साइकोलॉजी, हिंदी, फिजिक्स, ज्योग्राफी, डा. कृष्ण कुंडू, लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा, तारा व स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर कॉलेज की तरफ से प्रो. ज्योति श्योराण, प्रो. कृष्ण कुंडू, प्रो. सीमा, प्रो. सोनू सिहाग, प्रो. कमलजीत और नागरिक अस्पताल की तरफ से डिप्टी सीएमओ टीबी डा. जेके मान, कोमल देशवाल, संदीप गोयत आदि मौजूद रहे। क्षय रोग नोडल अधिकारी डा. जेके मान ने बताया कि जिले में अब तक 1250 टीबी के मरीजों को संस्थाओं ने गोद लिया है। अन्य संस्थाओं को भी इस नेक काम में आगे आने की जरूरत है। सभी सामाजिक संस्थाओंए विभागों, जन प्रतिनिधियों व आम जनता को टीबी मुक्त अभियान में सहायता के लिए आगे आना चाहिए।


जींद। शैक्षणिक और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

### शैक्षणिक और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो. आरपी सैनी ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व गैरशैक्षणिक कर्मचारियों के साथ बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर कुलपति ने सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक व प्रशासनिक स्थिति की जानकारी ली। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. सैनी ने विवि के शैक्षणिक माहौल को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया तथा कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विवि की प्रगति में सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। प्रो. सैनी ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा की और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित किए।

### महिपाल राणा व शमशेर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**जींद।** हरियाणा जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदुर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर कंडेला ने सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला से व राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्यों से सलाह कर प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। राममेहर कंडेला ने बताया कि प्रदेश के महिपाल राणा व शमशेर देशवाल को हरियाणा का उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। कृष्ण गोदारा व डा. सुनील लोहान को प्रदेश का महासचिव बनाया गया है। महेंद्र रेढू उदयपुर को प्रदेश का संगठन सचिव बनाया गया है। सुनील सिवाच को हरियाणा प्रदेश की युवा संगठन की कमांड सौंपी गई है। सुल्तान सिंह कंडेला को संगठन का प्रदेश का प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रदेश कार्यकारणी में साधुराम दालमवाला, अमित, महिपाल लोहान, जगदीश दहिया, शमशेर गुलिया, चंदीराम, जसपाल मांडोखेड़ी, दिलावर सिंह करनाल, शशि यादव को प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में ग्राम पंचायत ने विद्यालय में जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं कक्षा में मेरिट हासिल की, उन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। बाकायदा ग्राम पंचायत द्वारा शिक्षकों को भी सम्मानित करने का काम किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सोनू गांव के मौजूद व्यक्ति बलवान शर्मा व एसएमसी अभिमन्यु एवं अन्य ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार सैनी व संजीव कुमार, डा. रामचंद्र, देवेंद्र कौशिक सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर भूगोल प्रवक्ता संजीव कुमार ने विद्यालय की टॉपर लड़की काफी को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया।


जींद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। जानकारी देते राजकुमार भोला। फोटो :हरिभूमि

### डिजिटल समर कैंप का आयोजन कल से

**जींद।** बच्चों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा डिजिटल समर कैंप 2025 का आयोजन 1 जून से शुरू होगा। संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समर कैंप एक विजनरी पहल है। जिसका उद्देश्य देश के भविष्य यानी बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है और आने वाला समय एआई युग होगा। यदि हमारे बच्चे आज ही डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों से परिचित हो जाते हैं तो वे न केवल अपने भविष्य को सुरक्षित बना पाएंगे बल्कि भारत को भी वैश्विक मंच पर एक मजबूत तकनीकी राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा ने महिलाओं के लिए 3 दिन के दूध और दूध उत्पादों का प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह गाँव बधाना की 36 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को दूध एवंम दूध उत्पादो का मूल्य सवर्धन पर विशेष तौर पर जानकारी दी व दूध से पनीर रसगुल्ला, गुलाब, जामुन और बर्फी बनाने भी सिखाए प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि हिसार में भ्रमण करवाया । जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से डाण संजय यादव विभाग प्रमुख;एलपीटीद्धएडॉ सुमन बिशनोई निशांत और रोहताश उपस्थित रहे ।



नरवाना। लुवास का भ्रमण करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जुलाना। रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनते कैप्टन योगेश बैरागी।

### पेयजल किल्लत का जल्द होगा समाधानः बैरागी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के रेस्टहाउस में भाजपा प्रत्याशी और भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने हलके के गांवों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जैजैवंती और गतौली गांव के ग्रामीणों ने कैप्टन योगेश बैरागी के आगे पेयजल किल्लत का दुखड़ा रोया। कैप्टन योगेश बैरागी ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ से बात कर उन्हें समस्या से अवगत करवाया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जल्द से जल्द दोनों गांवों की पेयजल किल्लत का समाधान किया जाएगा। झमोला गांव के ग्रामीणों ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने की मांग रखी। कैप्टन योगेश बैरागी ने ग्रामीणों को आस्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कैप्टन योगेश बैरागी ने लोगों को संबोधित करते कहा कि बरसाती सीजन में होने वाले जलभराव को लेकर सरकार गंभीर है। प्रशासनिक अमले के साथ पौली, करेला और शामलों कलां पंप हाउस का निरीक्षण किया गया है। एक सप्ताह में सभी ड्रैनों की सफाई करवा दी जाएगी।


अलेवा। पेगां गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को योग करवाती योग सहायिका नीलम। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को योग की ट्रेनिंग दी

**अलेवा।** गांव पेगां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण कुमार ने की तथा मुख्य रूप से योग सहायिका नीलम ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को योग की ट्रेनिंग दी गई। योग सहायिका नीलम ने अध्यापकों व बच्चों को योग के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में करता मददकरता है। इसलिए व्यक्ति को हर रोज सुबह-शाम योग करना चाहिए। योग को अपनाकर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकता है। इस अवसर पर स्कूल डीपी रामचंद के अलावा स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# पुलिस कार्यशैली सख्त ना होने के चलते चोरों के हौसलें बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- दूसरी बार चोरों ने गोहाना रोड दुकानों पर की चोरी, दुकानदारों में रोष

पुराना बस अड्डा के सामने दुकानों तथा जैन धर्मार्थ अस्पताल से एक बार फिर चोरों ने एसी आउटडोरों के कीमती सामान को चोरी कर लिया। इससे पहले भी चोरों ने सात अप्रैल को एक साथ दस आउटडोर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। जिस पर पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नही की। एक बार फिर से चोरों ने इन्ही दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिस पर दुकानदारों ने रोष जताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुराना बस अड्डा के सामने शुक्रवार को दुकानदार अपनी दुकानें खोलने के लिए पहुंचे। गर्मी अधिक होने के कारण दुकानदारों ने एसी ऑन करने चाहे तो वो ठीक से नही चले। जब दुकानदार ऊपर पहुंचे तो उनके आउटडोर का कीमती सामान गायब था। जिसे देख कर दुकानदारों के होश उड़ गए।

दुकानदार हितेश ने बताया कि चोर लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। एक माह पहले भी चोरों ने यहां चोरी कर दस एसी आउटडोरों को चोरी कर लिया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस ने मामले में सख्त कार्रवाई नही की और चोर गिरफ्तार भी नही हुए। जिसके चलते चोरों को हौंसलें बुलंद हैं। अब फिर से चोरों ने तीन एसी आउटडोरों की कीमती वायर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस को चाहिए कि चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनको हुए नुकसान की भरपाई करवाई जाए। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक एवं जैन धर्मार्थ कैमिस्ट अतुल ने बताया कि बार-बार चोरों द्वारा एक ही जगह पर चोरी करना हैरानी की बात है।



जींद। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते रामधन जैन। फोटो :हरिभूमि

### निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामधन को मिला मौका

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर दिल्ली के द्वारका में स्थित भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में 29 व 30 मई को दो दिवसीय आठवें दौर का निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश सहित हरियाणा के पांच जिलों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय सुपरवाइजर सम्मिलित हुए। जिला जींद से उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जिले की सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सुपरवाइजर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही जुलाना विधानसभा क्षेत्र से एसडीएम होशियार सिंह ने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस कार्यक्रम में जींद विधानसभा से सुपरवाइजर रामधन जैन को भी शामिल होने का मौका मिला। रामधन जैन फिलहाल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीन्द में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है। यह प्रशिक्षण आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुचारु, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में अधिकारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों की उपज बढ़ाना : डा. रामकरण

# किसानों से सीधा संवाद कर रहे कृषि विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को जिले के नौ गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों की उपज बढाना तथा सीधे संवाद से कृषि में आ रही समस्याओं को जानना व प्रतिपुष्टि करना है। इस अभियान के लिए जिले में तीन टीमें गठित की गई हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. संदीप सिहाग ने गांव पोंकरीखेड़ी, राजपुरा और रामराय में धान की विभिन्न किस्मों तथा इसमें आने वाले खरपतवारों के प्रबंधन की जानकारी दी। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. मगन सिंह तथा डा. पी बरनवाल ने पशुओं की देखभाल तथा दुग्ध उत्पादन बढाने बारे जानकारी दी। पशु चिकित्सक डा. दीपक ने पशुओं में आने वाली बीमारियों जैसे थनैला रोग आदि के प्रबंधन के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के मृदा वैज्ञानिक डा. धीरज पंघाल ने मिट्टी व पानी की जांच करवाने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के हिसाब से उर्वरक डालने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के इंजीनियर रवि ने खेती में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों के रखरखाव व उनके उचित प्रयोग बारे बताया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के खंड कृषि अधिकारी डा. रवि कादियान ने कृषि विभाग की विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी। इनके अलावा कार्यक्रम में मत्स्य, बागवानी आदि से भी अधिकारी शामिल रहे। दूसरी टीम में शामिल राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो आरएस कटारिया, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. अजमेर सिंह कुंडू, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. मनोज कुमार यादव, मत्स्य विभाग से मुस्कान, कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ डा. पवन तथा डा. प्रीति मलिक ने गांव बीबीपुर, बहबलपुर, ईगराह में अपने-अपने विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तीसरी टीम में पशु चिकित्सक डा. नवीन, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से डा. भूपेन्द्र, कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के डा. राजेश सैनी व सुरेंद्र मित्तल, मत्स्य से अंकित, बागवानी विभाग से रविंद्र ने गांव उदयपुर, दुर्जनपुर व नचार खेड़ा में विस्तार से जानकारी प्रदान की।


गांव रामराय तथा पोंकरी खेड़ी में किसानों को विविध जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।



जींद। बैठक में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### शिकायत का गंभीरता से संज्ञान ले

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला रिव्यू बैठक की अध्यक्षता की और समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान की समीक्षा की। विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि ऐसी री ओपन शिकायतें जिनका निवारण हो चुका है उन शिकायतों की तुरन्त एटीआर अपलोड करके उसे रिजेक्ट करें ताकि वो पोर्टल से हट जाए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने उपमंडल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित करें और शिविरों में प्राप्त शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लें। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं। सभी विभागाध्यक्ष अपनी-अपनी शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर अवश्य डालें। यदि किसी शिकायत के समाधान में कोई परेशानी आती तो अधिकारी स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ कर्मी को भेजकर तुरंत समाधान करवाएं।

**खबर संक्षेप**



कैथल। सीएम नायब सैनी से मुलाकात के दौरान डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली।

### सरकार किसानों के कल्याण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध

**पूंडरी।** किसानों के हितों की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसले की सराहना करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार प्रकट किया है। उन्होंने हाल ही में वर्ष 2025-26 विपणन सीजन के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) में उल्लेखनीय वृद्धि को किसान हितैषी और दूरदर्शी कदम बताया। गत दिवस मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करने के पश्चात यहां बातचीत करते हुए डॉ. मैहला ने कहा कि यह निर्णय देश के अन्नदाताओं को आर्थिक मजबूती देने और उनकी उपज का वाजिब मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

### इनेलो एससी सैल कार्यकारिणी की घोषणा

**कैथल।** कैथल जिले में इनेलो एससी सैल की नई कार्यकारिणी की घोषणा बड़े उत्साह के साथ की गई। इस कार्यक्रम में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, इनेलो एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष रमेश्वर पहलवान और कैथल जिला एससी सैल के प्रभारी रामनिवास मेहरा ने भी शिरकत की। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा, इनेलो एकमात्र पार्टी है जो हर वर्ग की आवाज बनकर काम कर रही है। हम बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलते समाज में समानता व न्याय की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### चोरों ने दो दर्जन बकरियां चुराई

**कैथल।** कलायत पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव सजूमा के रामदिया ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मई को सायं के समय वह अपनी 24 बकरियों को कमरे में बांधकर सो गया। सुबह जब जाकर उसने देखा तो उसकी बकरियां वहां से गायब मिली। उसने अपनी बकरियों की आस-पास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। चुराई गई बकरियों की कीमत करीब साढे छह लाख रुपये बताई गई है।

### प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया

**राजौंद।** किठाना कालेज आफ एजुकेशन किठाना ने हाल ही में बी.एससी बीएड और बीए बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर निर्मल सिंगरोहा ने की। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और अपने चुने हुए क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की पहचान और प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## विधायक सतपाल जांबा का ढांड तहसील कार्यालय में औचक निरीक्षण, भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार

# विधायक की नायब तहसीलदार को फटकार-बोले कार्यप्रणाली में सुधार लाओ, वरना सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा ने ढांड सब तहसील कार्यालय पर अचानक छापा मारकर भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को उजागर किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल कार्यालय में मौजूद नागरिकों की समस्याओं को सुना, बल्कि भ्रष्टाचार और लापरवाही के लिए नायब तहसीलदार अचीन को कड़ी फटकार भी लगाई। विधायक का यह सख्त रुख क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान विधायक सतपाल जांबा ने तहसील कार्यालय में मौजूद उपभोक्ताओं से उनकी समस्याओं को गहराई से समझा। कई नागरिकों ने बताया कि उनके कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे और बिना दलालों के हस्तक्षेप के कोई भी काम संभव नहीं हो पा रहा। लोगों ने शिकायत की कि कार्य करवाने के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी रोष है। एक उपभोक्ता ने कहा, /"बिना रिश्वत या दलाल के यहाँ कागजात तक जमा नहीं होते।/" इन शिकायतों ने विधायक को तहसील की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के लिए मजबूर किया।

**नायब तहसीलदार को कड़ा अल्टीमेटम**

नायब तहसीलदार अचीन को फटकार लगाते हुए विधायक ने कहा कि ढांड तहसील में भ्रष्टाचार की शिकायतें अब असहनीय हो चुकी हैं। यहाँ आम आदमी को धक्के खाने पड़ रहे हैं, और बिना दलालों के कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी, भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा या तो कार्यप्रणाली में तुरंत सुधार लाओ, वरना सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहो। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए ताकि जनता को बिना किसी परेशानी के सेवाएं मिल सकें।



ढांड। सब तहसील ढांड का निरीक्षण करते विधायक सतपाल जांबा। फोटो :हरिभूमि

**स्थानीय नागरिकों में जगी उम्मीद**

*विधायक के इस साहसिक कदम का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कई नागरिकों ने कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और लालफीताशाही ने उनकी जिंदगी को मुश्किल बना दिया था। एक स्थानीय निवासी, रामकुमार ने कहा, /"हमारे विधायक जी का यह कदम स्वागत योग्य है। उम्मीद है कि अब तहसील में सुधार होगा और हमें बिना परेशानी के सेवाएँ मिलेंगी।/" नागरिकों ने माँग की कि इस तरह के औचक निरीक्षण नियमित रूप से हों और भ्रष्टाचार पर स्थायी अंकुश लगे।आगे की कार्रवाई पर टिकी नजरें निरीक्षण के बाद विधायक ने तहसील अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस मामले की बारीकी से निगरानी करेंगे और भविष्य में भी इस तरह के औचक दौरे जारी रखेंगे। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि विधायक सतपाल जांबा का यह कदम ढांड तहसील में भ्रष्टाचार पर कितना प्रभावी ढंग से लगाम लगा पाएगा।*

## विधायक सतपाल जांबा ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

*भवन की मरम्मत के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश*

- पार्किंग स्थल के भी पुनर्निर्माण के लिए रिपोर्ट तैयार करने को कहा
- विधायक बोले-मुख्यमंत्री जी से मांग कर ऑक्सीजन प्लांट को अपग्रेड करवाया जाएगा



कैथल। विधायक सतपाल जांबा नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमओ के साथ बैठक कर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न वार्डों का दौरा कर सुधार के निर्देश जारी किए। उन्होंने शौचालयों का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों से जिला अस्पताल में आ रही समस्याओं की जानकारी हासिल की। जिला अस्पताल भवन की मरम्मत की आवश्यकता पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता को मौके पर बुलाया और निर्देश दिए कि जिला अस्पताल भवन की मरम्मत व पार्किंग स्थल के सुधार के लिए एस्टीमेट बनाएं। सरकार से मांग करके बजट लाया जाएगा। उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित किए गए ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की जाएगी कि इस प्लांट को अपडेट किया जाए। ताकि ऑक्सीजन को स्टोर करके आस-पास के क्षेत्रों में भी जरूरत पड़ने पर उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने किसी भी तरह की आपात स्थिति के समय में आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली। साथ ही जिला अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली। विधायक ने चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए भी आला अधिकारियों से बातचीत का आश्वासन दिया। साथ ही जिला अस्पताल में उपलब्ध दवाईओं, एंबुलेंस, जीवन रक्षक प्रणालीयुक्त एंबुलेंस की संख्या के बारे में जानकारी हासिल की।

## पांच कोर्सों में 300 सीटों पर होगा दाखिला

- राजकीय बहुतकनीकी शेरगढ़ में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

शेरगढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 5 ट्रेडों में 300 सीटों के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है, जिसकी आवेदन प्रक्रिया 27 मई से शुरू हो गई है। 10वीं और 12वीं पास छात्र क्रमशः तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम और दो वर्षीय (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। सभी ट्रेडों 60-60 सीटें हैं। सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए पंजीकरण शुल्क 1000 और एससी/बीसी छात्रों के लिए 700 है। प्रवेश के बाद प्रति सेमेस्टर शुल्क 2850 है, साथ ही अतिरिक्त 1500 सुरक्षा जमा राशि है जो वापसी योग्य है। प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क उपलब्ध रहेंगे। संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड 2024 में शानदार रहा।



राजकीय बहुतकनीकी कालेज शेरगढ़ का भवन

**हैल्प डेस्क स्थापित किया**

*राजकीय बहुतकनीकी कालेज के दाखिला इंचार्ज आशीष मेहता ने बताया कि कालेज में दाखिला लेने के लिए हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है। संस्थान में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे व सभी प्रबंध किए गए हैं। विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे आसानी से रोजगार हासिल कर सकें।*

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**ढांड।** शहीद प्रेम सिंह राजकीय वमावि, कौल में आज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत प्रधानाचार्य श्याम पाल शर्मा के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। अपने वक्तव्य में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में परीक्षा उत्तीर्ण करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भीड़ से अलग पहचान बनाना ही सफलता का सच्चा मापदंड है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सफलता के लिए केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम और स्पष्ट लक्ष्य की आवश्यकता होती है।

## स्वच्छता-आत्मबल का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसल में आयोजित बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन का कार्यक्रम प्रेरणा, ज्ञान और रचनात्मकता से भरपूर रहा। यह शिविर 30 मई को सुबह 9 बजे आरंभ हुआ, जिसमें विद्यालय की कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के पहले चरण में छात्राओं को अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श और व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया। डॉ. मनीषा मंगल ने बालिकाओं को संवेदनशील विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि आत्म-सुरक्षा के लिए इस ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. वनिता डलवानी ने व्यक्तिगत स्वच्छता और मासिक धर्म के दौरान विशेष देखभाल के बारे में मार्गदर्शन किया। दोनों चिकित्सकों ने बालिकाओं को पर्सनल हाइजीन में अपनाए जाने वाले व्यावहारिक उपाय बताए। दूसरे चरण में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर प्रेरणादायक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। तीसरे चरण में छात्राओं ने पर्यावरण दिवस की थीम पर कविताएं, स्किट और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष परवीन मित्तल, शाखा महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन आदि मौजूद रहे।



पूंडरी। गांव सिरसल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निधि मोहन के साथ छात्राएं।



### बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास के लिए नियमित योग जरूरीः डॉ. शकुंतला दहिया

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चल रही योग दिवस की तैयारियों में 28 से 30 मई को जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय शिविर में प्रशिक्षित पीटीआई, डीपीई, आयुष योग सहायकों एवं योग संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को योग की क्रियाएं करवाई गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि द्वितीय चरण में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्योंकि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए नियमित योगाभ्यास बेहद जरूरी है। योग शिवर में योग संस्थाओं पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग, भारतीय योग संस्थान, आयुष योग सहायकों एवं शिक्षा विभाग का अहम योगदान रहा। इसके अतिरिक्त योग दिवस पर योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 से 15 जून तक गांव, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर योग जागरण यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति किया प्रेरित

*स्वच्छता अभियान का आयोजन किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

ग्राम पंचायत फतेहपूर, काकौत व नैना के सरकारी स्कूलों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, उप-प्रधान सोनिया, ब्लॉक समिति के प्रधान राजेश, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्रांड एम्बेस्डर कर्मबीर फौजी व वार्ड नंबर नौ के कार्यक्रम अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, वार्ड नंबर सात के पार्षद प्रतिनिधि श्रवण तथा वार्ड नंबर 14 के पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया ने शिरकत की और विद्यार्थियों को स्वस्छता सहित कई महत्वपूर्ण विषय को लेकर जागरूक किया। इसके साथ ही स्कूलों में शौचालय की साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के प्रभारी प्रदीप कुमार ने खुले में शौच मुक्त, घर-घर से कचरा एकत्रित करने, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्रांड अंबेसडर कर्मबीर फौजी ने गीत के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। एसएचओ पूंडरी रेखा ने बच्चों को नशा न करने व यातायात नियमों का पालन करने के प्रति प्रेरित किया। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने स्कूलों में मिड डे मील के राशन की गुणवत्ता को जांचा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में घर-घर से कचरा इकट्ठा करने लिए ई-रिक्शा वितरित की जाएगी और छात्राओं के लिए कमरे व शौचालय बनाए जाएंगे। सेनेटरी पैड, कैलेंडर व स्वच्छता पुस्तिका वितरित की।



जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, उप-प्रधान सोनिया स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते।

### पूर्व सैनिको की कार्यकारिणी का कल होगा विस्तारः फौजी

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान पद का चुनाव 15 मई को जिला बार एसोसिएशन कैथल में हुआ था उसमें फैसला लिया गया था कि, जून मास की मासिक मीटिंग जो हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में 1 जून को होने जा रही है उस में कार्यकारिणी के विस्तार किया जाएगा। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने ये भी बताया कि सत्र 2024-25 में जिला कैथल के सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अर्ध सैनिक बलो के बच्चे जिसमें उनके पुत्र पुत्री एवं पोता पोती ने दसवीं और 12वीं के परीक्षा परिणामो में हरियाणा व जिला कैथल के अन्दर टोप टेन यानी अग्रिम 10 बच्चों में रहकर गांव जिला व हरियाणा का नाम रोशन किया है। उनको सम्मानित किया जाएगा।

**समीक्षा बैठक से शिकायत से संबंधित अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट साथ लेकर आएं अधिकारी**

# जिन विभागों से संबंधित अधिक शिकायतें हैं, वे त्वरित निपटान के लिए करें विशेष प्रयासः गुरविंद्र

**सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने की समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज. कैथल

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान समयबद्ध किया जाए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, उनके त्वरित निपटान के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। कुछ शिकायतें कई विभागों से संबंधित होती हैं, ऐसे में संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि समस्याएं अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। सभी अधिकारी समीक्षा बैठक से शिकायत से संबंधित अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट साथ लेकर आएं। समाधान शिविर के साथ-साथ जनसंवाद पोर्टल व सीएम विंडो पोर्टल संबंधी शिकायतों को भी अधिकारी गंभीरता से निपटाएं।

कोई भी शिकायत ऑवरड्यू न होने पाए। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी शिकायत दोबारा न खुले, इसके लिए पहली बार में ही शिकायतकर्ता से संतुष्टि प्राप्त की जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग, बिजली, जनस्वास्थ्य, श्रम, शिक्षा, विकास एवं पंचायत विभाग सहित कई विभागों की शिकायतों की विभाग अनुसार समीक्षा की। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः: 10:00 से 12:00 बजे सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किए जाते है। हर शुक्रवार को इस संबंध में शिकायतों की समीक्षा की जाती है।



कैथल। सीटीएम गुरविंद्र सिंह वीसी में भाग लेते हुए।

**हर सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे समाधान शिविर**

*सीटीएम गुरविंद्र सिंह शुक्रवार को राज्य स्तर पर वीसी के माध्यम से हुई समीक्षा के बाद लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस हाल में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशन में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम हैं। लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया करवाना जिला प्रशासन व सरकार की प्राथमिकता है। सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। इसके अलावा सीएम विंडो तथा जन संवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का भी निर्धारित समय अवधि में समाधान किया जाए।*

### जागरण में खाटू श्याम श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

**कलायत।** कुलवंत नगर में बृहस्पतिवार रात्रि पहले विशाल श्री खाटू श्याम जागरण एवं भंडारे के धार्मिक समागम में श्रद्धालुओं का भारी जन सैलाब उमड़ा। काल भैरव ग्रुप ने कलायत क्षेत्र के लोगों के साथ आयोजन-संयोजन की कमान संभाली। प्रचंड जोत को रोशन करने की परंपरा के बाद जागरण की शुरूआत हुई। इसके उपरांत भैरव ग्रुप ने मोंटी शर्मा, सुरेंद्र मलिक, अजय राणा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजबीर सिंह, बलजीत सिंह, शेखर जागड़ा, हैप्पी राणा, अमनदीप और बलराम सिंह की अगुवाई में मुख्य एवं विशिष्ठ मेहमानों का स्वागत किया। इस आयोजन के लिए समिति का आभार प्रकट किया।

**ग्राम पंचायत आसन**
**ब्लॉक व जिला जींद (हरियाणा)**
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आसन खण्ड जींद में पीने के पानी हेतू 2 वाटर कूलर व Open Gym लगवाया जाना है। इच्छुक फर्म अपनी कूटेशन दिनांक 10.06.2025 तक ग्राम पंचायत के समक्ष पेश कर सकती है।
दीपक ढुल, ग्राम सचिव, मो. नं. 9416514907
कविता देवी, सरपंच ग्राम पंचायत आसन, मो. नं. 9813431074

## खबर संक्षेप

### सीटू ने मजदूर भवन में मनाया स्थापना दिवस

**जींद**। सीटू के 56वें स्थापना दिवस के मौके पर धागा मील कॉलोनी में बने मजदूर भवन में सीटू का ध्वजारोहण किया और एक बैठक का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता सीटू कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान ने की और बैठक का संचालन सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र ने सीटू के लक्ष्य और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स एक भारतीय मजदूर संगठन है। जिसकी स्थापना 30 मई 1970 को हुई थी। यह संगठन मजदूरों के अधिकारों, बेहतर कार्य परिस्थितियों और सामाजिक व आर्थिक नीतियों के लिए संघर्ष करता है। सीटू का स्थापना दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद**। जुलाना थाना इलाका गांव में नाबालिग लड़की को प्लाट में ले जा दुष्कर्म करने तथा धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाके की एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गली से गुजर रही थी। रास्ते में गांव का ही संदीप उसे धमकी देता हुआ खींच कर अपने प्लाट मे लें गया। जंहा पर आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपित ने घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी और फरार हो गया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित संदीप के खिलाफ दुष्कर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**जींद**। उचाना एसडीएम दलजीत सिंह ने उपमंडल कार्यालय में चल रहे कार्यालयों को औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे। जो अधिकारी, कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। किसी भी विभाग में कोई शिकायत लेकर आए तो कोशिश रहे कि साथ-साथ में उसका समाधान हो। जो भी कागजात में कोई कमी है उसको बार-बार न बता कर एक ही बार में बताए ताकि दोबारा जब भी आए तो सभी कागजात पूरा हो सकें।

### कलायत व कांगथली में मॉक ड्रिल आज

**कैथल**। डीसी प्रीति ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार ऑपरेशन शील्ड के तहत एसडीएम कार्यालय कलायत व कांगथली पावर प्लांट में 31 मई शाम पांच बजे मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास का उद्देश्य जिले में किसी भी आपात स्थिति से निपटने को लेकर तैयारियों का आकलन करना है। इस दौरान आपात स्थिति में किए जाने वाले जरूरी सुरक्षा प्रबंधन के बारे में जांचा जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इस ड्रिल के दौरान घबराए नहीं।

## दुर्घटना घटती है तो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय होगी

# सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करके दुरुस्त किया जाए

- हाईवे के सभी अवैध कट तुरंत किए जाएं बंद, जिला की सभी सड़कें हो गड्ढा मुक्त
- यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वालों के हों चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला के जितने भी राज्य व राष्ट्रीय राजमार्ग है, उन सभी के अवैध कटों को तुरंत बंद किया जाए। सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करके दुरूस्त किया जाए ताकि सम्भावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सड़क सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करके हम दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकते हैं और इससे किसी के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। यातयात के नियमों का उल्लघंन करने वालों के चालान किए जाए। दुर्घटना घटती है तो संबंधित विभाग की जिम्मेवरी तय कर होगी कार्रवाई डीसी मोहम्मद इमरान रजा स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक ले रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करके उन स्थानों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यापक प्रबंध किए जाएं। सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। अगर किसी सड़क पर कोई खामी होने पर दुर्घटना घटती है तो संबंधित विभाग और साइट इंजिनियर की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बैरिकेटिंग हो

नए बस अड्डा के सामने बैरिकेटिंग की उचित व्यवस्था की जाए ताकि कोई भी बस सीधा हाईवे पर नहीं आकर सर्विस लेन से मुख्य मार्गो पर आए ताकि कोई भी दुर्घटना घटित न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूली बसों की नियमित चैकिंग होनी चाहिए। इसके साथ-साथ समय-समय पर प्राइवेट स्कूलों के ड्राइवरों व कंडक्ट्रों की ट्रेनिंग भी समय-समय पर करवाई जाए। स्कूल संचालक इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि कोई भी नाबालिग बच्चा अपने निजी दुपहिया पर नही आए। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चैराहों, मोड़ के आसपास किसी भी प्रकार का वाहन, रेहड़ी आदि को खड़ा न होने दें। जिससे भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बनती है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों व ओवरस्पीड वाहन चालकों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं।

### जरूरी जगहों पर कैट आई या साइन बोर्ड लगाएं

जरूरी जगहों पर कैट आई या साइन बोर्ड लगाएं जाएं ताकि हादसे न हों। एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी सर्विस रोडों की मुरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने एजेंडे में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आरटीए सचिव गिरीश ने रोड सेफ्टी के बारे में समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने डीसी को बताया कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए ओवरलोड वाहनों के चालान कर जुर्माना लगाया जा रहा है।

### यह रहे मौजूद

बैठक में जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी गुलजार मलिक, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, उचाना एसडीएम दलजीत सिंह, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएसपी जितेंद्र कुमार, आरएस भारत नागपाल, कार्यकारी अभियंता आरके नैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सीआरएसयू में छात्रों ने हॉस्टल वार्डन का फूंका पुतला

*हॉस्टल वार्डन पर छात्राओं को धमकाने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र नेता।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों ने इक_ा होकर हॉस्टल वार्डन का पुतला जलाया। किसान छात्र एकता संगठन, एनएसयूआई व अन्य संगठनों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता आंचल के किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि पिछली काफी समय से हॉस्टल वार्डन डा. सुनीति महारानी लक्ष्मीबाई छात्रावास के हॉस्टल वार्डन के पद पर कार्यरत है। हॉस्टल की लगातार समस्याओं से छात्राएं अवगत कराती हैं तो उनका निदान करने की बजाय छात्राओं को धमकी देकर दबाने का काम करती हैं। काफी समय से मेस में लड़कियों के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी नही थी। जिसकी वजह से लड़कियां खड़े होकर खाना खाने को मजबूर थी। जब एक छात्रा इस समस्या से जूझ रही थी और उसने कुर्सियों की मांग करी तो उल्टा लड़की के गांव में फोन कर लड़की को बदनाम करने का काम किया गया। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि पूरे छात्रावास में छात्रों में भय माहौल है। इसलिए जब तक हॉस्टल वार्डन को पद मुक्त नहीं कर दिया जाता है और छात्रावास की एक-एक छात्रा को न्याय नही मिल जाता तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

### पूंडरी पुलिस ने किया वाहन चोर को काबू

**कैथल**। थाना पूंडरी पुलिस द्वारा एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके कब्जे से चुराया गया ट्रक बरामद किया है। आरोपियों द्वारा ट्रैक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुंडरी पुलिस के थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव करोड़ा से फरियाबाद रोड पर बने एक होटल के पास एक डंपर खड़ा है जो राजस्थान से चोरी किया गया है। उक्त डंपर के पास गांव करोड़ा का मनोज अपने साथियों के साथ इंतजार में खड़ा है। ट्रक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई है। जैसे ही पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई तो वहां से करोड़ा के मनोज को काबू कर लिया।





### आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस आयोजित

**महेंद्रगढ़**। आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस हार्बिंजर लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से प्राचार्य ने शामिल होकर शिक्षा में सुधार को लेकर नई बातों को ग्रहण किया, वहीं शिक्षण को ओर बेहतर बनाने को लेकर अपने सुझाव सांझा किए। शैक्षणिक, परीक्षा, भाषा संर्वधन से लेकर सह-पाठ्यचर्या, नैतिक मूल्यों को विकसित करने और प्रत्येक छात्र में एक मजबूत व्यक्तिगत चरित्र का पोषण करने जैसे संवादों का आदान-प्रदान इस कार्यक्रम का हिस्सा रहा। कांफ्रेस में मुख्यवक्ता आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि समय के साथ-साथ शिक्षण कार्य में भी बदलाव आवश्यक है ताकि देश की भावी पीढ़ी समय के साथ आगे बढ़े और अपना लक्ष्य हासिल कर देश के नवनिर्माण में भी अपना अहम योगदान दे सकें। सीईओ इंजी. मनीष राव कहा कि समय के साथ-साथ हमें भी अपडेट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जीवनभर सीखता है। इसी प्रकार से शिक्षण कार्य को समय के अनुसार ओर बेहतर बनाने के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से हो। समय-समय पर साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाए।

## गोरक्षा दल हरियाणा ने की एसपी से मुलाकात

*अध्यक्ष को मिल रही धमकियां, सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। एसपी को ज्ञापन सौंपने आए गोरक्षा दल हरियाणा के अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र महाराज।

गोरक्षा दल अध्यक्ष हरियाणा ने शुक्रवार को एसपी कुलदीप सिंह से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से हरियाणा में ईद पर हो रही गो तस्करी को रोकने के कारण जान से मारने की मिल रही धमकियों को लेकर कार्रवाई की मांग की गई। गोरक्षा दल हरियाणा के अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र महाराज ने एसपी को दिए ज्ञापन में बताया कि संपूर्ण हरियाणा एवं भारत के अन्य राज्यों में गो तस्करी एवं गोकशी और बेजुबान गायों की रक्षा का कार्य संगठन द्वारा किया जाता है। इसके अलावा संगठन सदस्य पशु क्रूरता को रोकने में, गो तस्करी को रोकने में, पेड़ लगाने में, वायुमंडल शुद्ध करने में, शिक्षा का कार्य अनेक कार्यों को संगठन सरकार के साथ मिलकर करता है। आगामी छह जून को ईद का त्यौहार मनाया जाता है। जिसमें हरियाणा के मेवात जिले में हजारों गोमाताओं की बलि दी जाती है व अन्य बेजुबान प्राणियों की भी बलि दी जाती है। जोकि कानूनी अपराध है। इस अपराध को वो पुलिस प्रशासन एवं सरकार के सहयोग से रोकते हैं। परंतु कुछ दिनों से लगातार उन्हें अलग-अलग नंबरों से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इस सेवा के कार्य में कोई बाधा न आए।

## बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य एवं तरक्की करवाने की रहेगी पूरी कौशिश : बेदी

*सम्मान की पगड़ी को कभी झुकने नहीं दूंगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना**। मंत्री बेदी को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बेदी ने कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नरवाना में बिजलीए पानीए सफाईए सीवरेजए गलियों से संबंधित समस्याओं का एक.एक करके स्थाई समाधान किया जाएगा। बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य एवं तरक्की करवाने की पूरी कौशिश करेंगे।
आपके सम्मान की पगड़ी को कभी झुकने नहीं दूंगा और किसी भी कार्य को करने में पीछे नहीं हटेंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार को नरवाना शहर की गंगा पत्ती में धन्यवादी दौरा कार्यक्रम में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने दादा खेड़ा का आशीर्वाद लेते हुए दीप प्रज्जवलन भी किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने गंगा पत्ती में नए भवन के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मिर्धा पत्ती में 15 लाख रुपये से बनने वाली चौपाल का टेंडर जारी कर दिया है। गंगा पत्ती में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए पानी का कनेक्शन गैबी साहिब मंदिर के बूस्टर से जोड़ा जाएगाए जिससे गंगा पत्ती में पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। इस कार्य को प्राथमिकता से करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं और जल्द ही इस बारे वे स्वयं फीडबैक भी लेंगे। उन्होंने कहा कि गंगा पत्ती में विकास कार्य करवाने के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि हलका वासियों ने उन पर जो विश्वास जताया हैए उस पर वे पूरा खरा उतरेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिना किसी पक्षपात के विकास परियोजनाओं को क्रियांवित करवाया जाएगा।

## शहीद हुए जवान गुरमीत को विधायक आदित्य सुरजेवाला ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

देश की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए 20वीं बटालियन ग्रेनेडियर रेजिमेंट के वीर जवान गुरमीत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला आज गांव करोड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना प्रकट की। विधायक सुजेर्वाला ने शहीद के घर पहुंचकर परिवारजनों के साथ समय बिताया और कहा पूरा देश शहीद गुरमीत की बहादुरी, त्याग और समर्पण को नमन करता है। हम सब उनकी शहादत पर गर्व महसूस करते हैं। वे हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। परमपिता परमात्मा उनकी आत्मा को शांति दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। गांव करोड़ा का वातावरण वीरता और शोक के भावों से भरा हुआ था। जब विधायक आदित्य सुरजेवाला गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों ने भी नम आंखों से शहीद गुरमीत को याद किया। घर के बाहर लगे तिरंगे ने सभी को यह एहसास दिलाया कि यह मिट्टी एक सच्चे सपूत को जन्म देने वाली है, जिसने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।
विधायक सुजेर्वाला ने इस अवसर पर राज्य और केंद्र सरकार से अपील की कि शहीद जवान के परिवार को पूरी सम्मानजनक आर्थिक व सामाजिक सहायता दी जाए।

## शानदार परिक्षा परिणाम के लिए छात्राओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में प्रधानाचार्य अजय मलिक व स्टॉफ सदस्यों की अध्यक्षता में व्यावसायिक शिक्षिका सीमा लालर ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लानें पर छात्राओं को सम्मानित किया।उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से न केवल भविष्य संवर सकता है ,बल्कि परिवार के लिए भी रचनात्मक योगदान दे सकते हैं।कार्यक्रम में सामान्य ड्यूटी सहायक की शिक्षिका मैडम सीमा ने 30 से अधिक मेधावी छात्राओं को निशुल्क नोटबुक व पेन वितरित किए और मेधावी छात्राओं से सहपाठियों की मदद का आग्रह किया। मैडम सीमा ने कहा कि प्रधानाचार्य अजय मलिक मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते रहते हैं और गरीब बच्चों का सहयोग करना उनकी मानवता में शामिल है। इसके साथ साथ शिक्षक भी सहयोग देने में पिछे नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी नौकरी को 8 वर्ष होने वाले हैं और उनके आने के बाद उनके विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा 100 प्रतिशत रहा है। अपने विषय में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की उनकी ये पहल छात्राओं को मोटिवेशन देने का काम करेगी।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य अजय मलिक, गुरप्रीत कौर, मीना शर्मा,संतोष, सोनू गिल, अमित सिंगला, राजबीर चंदेल सहित सभी सम्मानित स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भेजी 54 बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रोडवेज के कैथल डिपो से भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 54 बसें भेजी। बसों के कार्यक्रम में जाने के बाद स्थानीय रूटों पर यात्रियों ने परेशानियां झेली। चीका, असंध और जींद रूट पर सबसे अधिक बसें प्रभावित रही। इससे यात्रियों को समय पर बसें नहीं मिल पाई है। कैथल डिपो में 186 रोडवेज और परिवहन समिति की 110 बसें हैं। कैथल डिपो की बसों में प्रतिदिन करीब 25 हजार यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को एक दिन में करीब 10 लाख रुपये की आमदनी होती है, लेकिन 54 रोडवेज बसें कार्यक्रम में जाने की वजह से बाकी रूट पर यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। रोडवेज नेता बलवान कुंडू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में रोडवेज बसें प्रयोग करने की वजह से यात्रियों को परेशानी होती है।

### बनाई गई व्यवस्था

कैथल डिपो के यातायात प्रबंधक विरेंद्र ने कहा कि रोहतक के पहरावर में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम के लिए कैथल से 54 बसें सरकार के आदेशों पर भेजी गई थी। इस दौरान कुछ ही रूटों पर बसों की संख्या को कम किया गया था, लेकिन इन रूटों पर यात्रियों की जरूरत के हिसाब से रोटेशन बनाई गई। इससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई।

## गुरु अर्जुन देव जी, महाराणा प्रताप और महारानी अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन से सीख लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना





विचार व्यक्त करते हुए वक्ता।

भारत विकास परिषद केशव शाखा ने स्थानीय आदर्श बाल मंदिर के प्रांगण में बहुत सादगी पूर्ण परन्तु भव्य तरीके से गुरु अर्जुन देव जी की शहादत दिवस महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष्य में व महारानी अहिल्या बाई होलकर के महान जीवन धारा से जुड़ा एक कार्यक्रम एक शाम अमर बलिदानियों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर गुरु अर्जुन देव जी के जीवन पर प्रकाश डालने व महाराणा प्रताप जी के अमर बलिदान पर चर्चा करने के लिए शहर के प्रमुख वक्ताओं के साथ साथ विशेष तौर पर गुरुद्वारा नरवाना से जुड़े सरदार गुरजीत सिंह जीए मांगे राम बत्राए मन्नू छाबड़ा जीएजोगिंदर कलसी जी व मुख्य ग्रंथि बलिहार जी व कार्यक्रम के विषयों अतिथियों के रूप में नरवाना भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल का सर्वप्रथम परिषद परिवार की तरफ से कार्यक्रम में पहुंचने पर पटका पहनाकर सम्मानित किया गया व भारत माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर शहीदों के चरणों में पुष्प अर्पित किए गए। तदोपरांत भारत विकाश परिषद केशव शाखा की महिला संयोजिका संतोष जैन व महिला सदस्यों डॉण शोभा जांगड़ाए दीपिका अरोड़ाएअनुराधा मित्तल ऊषा वर्मा सुमन जी ने वन्दे मातरम गाकर राष्ट्र आराधना की।इसके बाद मुख्य वक्ताओं के तौर पर ग्रन्थि बलिहार सिंह व जोगिंदर कलसी जी ने गुरु अर्जुन देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गुरु जी को तपते तवे पर ए गर्म रेत डालकर व भूखे प्यासे रखते हुए धर्म परिवर्तन करने को विवश किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया सहेली कार्यक्रम

# अब सहेली दिलाएगी गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा सहायता

- महिला का गर्भपात होने की रेखेगी जानकारी
- गर्भवस्था के दौरान आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर गर्भावस्था के दौरान करवाएगी चैकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद**। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया।

नागरिक अस्पताल के उप सिविल सर्जन डा. पालेराम ने शुक्रवार को जिला के सभी आशा ब्लॉक कॉर्डिनेटर व आशा की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा व आंगनवाड़ी वर्कर के माध्यम से सहेली प्रोगाम चलाया गया है। जिसमें जिले में सभी गर्भवती महिलाओं के साथ एक-एक आशा व आंगनवाड़ी वर्कर को जोड़ा गया है। सहेली वर्कर का काम यह है कि वह गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा सहायता दिलवाने में मदद करेगी।

### लिंगानुपात सुधार में भी सहेली की होगी विशेष जिम्मेदारी

इसके साथ जिले में लिंगानुपात के सुधार हेतु सहेली को एक विशेष जिम्मेदारी भी दी गई है जिसके तहत वह सभी गर्भवती महिलाओं को लिंगचयन न करने व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए भी प्रेरित करेगी। यदि किसी भी महिला का गर्भपात होता है, तो वह इसकी जानकारी रखेगी। विषेशकर ऐसी महिलाएं जिनके पहले से लड़कियां हैं, उनके गर्भपात को बैक ट्रैक भी किया जाएगा। अवैध रूप से हुए गर्भपात व प्रस्वपूर्व लिंगचयन संबधित जानकारी जुटाते हुए पीएनडीटी नोडल ऑफिसर व संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को देगी। जिससे गैर कानूनी कार्य करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा सकेगी।

### हर माह होगी गर्भवती महिलाओं की लिस्ट अपडेट

गर्भवती महिलाओं की लिस्ट को हर सप्ताह अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक सहेली को इस प्रोग्राम के हर एक पहलू से अवगत करवाते हुए इस कार्य को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करने के निर्देश दिए गए हैं। पीएनडीटी व एमटीपी में रेड हेतु जानकारी उपलब्ध करवाने तथा डेकोय ऑपरेशन करवाने हेतु उचित ईनाम व प्रशंसा पत्र देने बारे भी जानकारी दी गई। इस मीटिंग में डा. संदीप, डा. प्रवीण, पीएनडीटी डीलिंग विशाल पहल, डिस्ट्रिक आशा कॉर्डिनेटर शीला मौजूद रहे।